तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 12 मार्च 2025

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]


12 इंट्रीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर एवं विभागीय...


12 कलेक्ट्रेट परिसर में स्व-सहायता समूह ने हर्बल...

## खबर संक्षेप

### लाखों रुपए के गांजा के साथ ओडिशा का तस्कर गिरफ्तार



**जगदलपुर।** नशे के खिलाफ बस्तर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए बोधघाट पुलिस ने बस स्टैण्ड में ग्राहक का इंतजार कर रहे ओडिशा के तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 2.13 लाख रुपए का गांजा बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। गांजा तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। बोधघाट पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बस स्टैंड में बस के पीछे खडे होकर ग्राहक का इंतजार कर रहा है उसकके पास रखे बोरे से गांजा की महक आ रही है। सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी दासी बढ़नायक 34 वर्ष निवासी ग्राम सुकू थाना कोरापुट ओडिशा को घेराबंदी कर पकड़ा।आरोपी के कब्जे से 21.350 किलो अवैध गांजा बरामद किया गया जिसकी अनुमानित कीमत 2 लाख 13 हजार 5 सौ रूपए आंका गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर, सुरेश जांगड़े, एसआई अरूण मरकाम, प्रमोद ठाकुर, एएसआई दिनेश उसेंडी, प्रधान आरक्षक प्रकाश मनहर, आरक्षक प्रकाश नायक, त्रिनाथ कश्यप व होरीलाल आर्मो की अहम भूमिका रही।

### महिला के घर में घुसकर छेड़खानी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**जगदलपुर।** घर में घुसकर जबरन महिला से छेड़खानी करने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पिड़िता ने इसकी शिकायत थाने में की जिसके बाद तत्काल मौके पर पहुंची टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन व एएसपी माहेश्वर नाग व सीएसपी उदित पुष्कर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली शिवानंद सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई के लिए रवाना किया गया। टीम द्वारा मौके से आरोपी रंजन पटनायक उर्फ टुन्नु 35 साल निवासी पत्थरागुड़ा भंगाराम चौक को हिरासत में लिया गया। पिड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह शाम को घर पर अकेली थी तथा पति काम मे गये थे इस दौरान घर मे कोई नहीं था तभी आरोपी घर के पीछे की दीवार फांद कर प्रार्थिया को अकेली पा कर हाथ बॉह पकड़कर जोर जबरदस्ती कर छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर मारपीट कर वापस दीवार फांद कर भाग गया। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक शिवानंद सिंह के अलावा एएसआई इन्दु शर्मा, प्रधान आरक्षक, वर्षा साहू, आरक्षक रवि ठाकुर व रवि सरदार की अहम भूमिका रही।

### बड़ाजी थाना में पदस्थ जवान ने ने फांसी लगा की आत्महत्या

**जगदलपुर।** बड़ाजी थाना में पदस्थ आरक्षक ने बीती रात अज्ञात कारणों से थाने से कुछ दूर ग्राम टाकरागुड़ा प्लाटेशन में लगे कहुआ के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटनास्थल से पुलिस ने उसकी बाइक व सुसाइड नोट बरामद कर मामले की जांच कर रही है। बड़ाजी थाना प्रभारी केशरीचंद साहू ने बताया कि आरक्षक नवलेश कश्यप 25 वर्ष पिछले एक वर्ष से बड़ाजीं थाना में बतौर आरक्षक के पद पर पदस्थ था। इससे पूर्व वह बस्तर डीआरजी की टीम में था। बीती रात लगभग 10 बजे तक ड्यूटी करने के बाद थाने से निकला था। सुबह राहगिरों ने उसके शव को पेड़ पर टंगा देखा और इसकी खबर डॉयल 112 पर दी। जिसके बाद 112 व बड़ाजीं थाना की टीम मौके पर पहुंची। आरक्षक के शव को पेड़ से उतारने के बाद मौके पर पंचनामा कार्रवाई कर पीएम के लिए रवाना किया। पुलिस ने मौके से आरक्षक ▶▶ शेष पेज 12 पर



# नाराज किसान पहुंचे जोरा नाला, जमा रेत-पत्थर के ढेर को हटाया

## छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बीच हुए अनुबंध का लाभ बस्तर को नहीं मिल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बीच में वर्ष 2003 और इसके बाद कई बार यह समझौता हुआ था कि जोरा नाला से आने वाले पानी को दोनों राज्य 50-50 प्रतिशत की हिस्सेदारी में बांटेंगे और दोनों के ज्वाइंट पाइंट पर रेग्युलेटर लगाए गए। ताकि पानी बराबर-बराबर दोनों राज्यों को मिल सके। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। इसको जानने के लिए किसानों का 8 सदस्य जांच कमेटी गठित किया गया। इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष की अध्यक्षता में जांच कमेटी गठित किया गया। वहां देखा गया कि जिला प्रशासन का दावा फेल हो चुका हैं, जोरा नाला में जमा रेत-पत्थर के ढेर मजदूर लगाकर हटाया गया। लेकिन जिला प्रशासन के द्वारा इस पर कोई पहल नहीं किया गया है। इसके चलते नाराज किसानों ने जोरा नाला में जाकर वास्तविक स्थिति को जाना। इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति बस्तर के अध्यक्ष लखेश्वर कश्यप ने बताया कि जोरा नाला से छत्तीसगढ़ की तरफ जो पानी आना है वहां पानी न होकर सिर्फ रेत के ढेर नजर आए। बस्तर जिला प्रशासन इंद्रावती नदी के पानी के लिए कोई प्रयास नहीं कर रही है। इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण बघेल ने बताया कि ओडिशा ने जिस स्थान से जोरा इंद्रावती को पानी देता था वहां बड़े-बड़े पत्थर रखवा दिए।

### कम पानी मिल रहा छत्तीसगढ़ को

पांच हजार एकड़ से ज्यादा की फसल सूख जाने की चिंता जोरा नाला से ओडिशा में पानी ज्यादा जा रहा है। छत्तीसगढ़ को कम पानी मिल रहा है। इंद्रावती नदी का पानी जोरा नाला में मिलने की वजह से इंद्रावती सूखकर नाला बन जाती है। जिला प्रशासन को कोई चिंता नहीं है।इंद्रावती नदी तट के किनारे करीब 5 हजार एकड़ से ज्यादा की फसल गर्मी और ठंड के दिनों में सूखने की चिंता है। इन्द्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति अध्यक्ष लखेश्वर कश्यप, उपाध्यक्ष वीर सिंह बघेल, सचिव सुभाष कश्यप, लक्ष्मण बघेल,कृपालु कश्यप, रामचंद्र बघेल, तुलसी मौर्य, राधेश्याम बघेल आदि जोरा नाला में गए थे।



### शासन- प्रशासन बेखबर

गर्मी के पहले ही इंद्रावती नदी के सूखने से नदी किनारे के हजारों किसानों के खेत में खड़ी फसल बर्बाद हो गये है। कल किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्काजाम कर विरोध किया है। किसानों की चिंता को शासन प्रशासन गंभीरता से नहीं ले रहें है।

पूरन सिंह कश्यप
उपसरपंच, बड़े चकवा

## चुनाव : पुरषोत्तम कश्यप 12 वोट पाकर जीते

# जगदलपुर जनपद के अध्यक्ष निर्विरोध चुने गए व उपाध्यक्ष में भाजपा के अधिकृत की शर्मनाक हार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- जनपद कार्यालय में मतदान के दौरान रही भारी गहमागहमी

जनपद पंचायत जगदलपुर के अध्यक्ष के पद पर भाजपा के पदलाम नाग निर्विरोध चुन लिए गये। वे पहले भी दो बार जनपद अध्यक्ष रह चुके है। सोमवार को जनपद कार्यालय में चुनाव की प्रक्रिया पूरी की गईर। अध्यक्ष का एकमात्र फार्म पदलाम नाग ने जमा किया। इसलिए वे निर्विरोध अध्यक्ष बन गये। लेकिन उपाध्यक्ष के लिए चुनाव में शक्ति प्रर्दशन दिखाई पड़ा। यहां एक बार फिर संगठन को अपने निर्णय से मात मिली। उपाध्यक्ष पद पर पुरषोत्तम कश्यप के साथ शामिल जनपद सदस्यों और समर्थकों ने फार्म लेकर जमा कर दिया। लग रहा था कि यहां भी निर्विरोध की स्थिति बन जायेगी। फार्म जमा करने के चंद मिनट पहले भाजपा कार्यालय से कागज लेकर एक व्यक्ति पहुंचा और उसने पार्वती शर्मा को अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर फार्म भरवा दिया।ऐसे में उपाध्यक्ष के चुनाव में पुरषोत्तम और पार्वती दोनों ही भाजपा के आमने सामने मैदान में रह गये। बताया गया कि माड़पाल क्षेत्र से जनपद सदस्य का चुनाव लड़े पुरषोत्तम के अलावा बली, सहारे और सुब्रतो विश्वास सभी भाजपा से जुड़ हुये थे। इनमें पुरषोत्तम ने चुनाव जीता। उन्हें उपाध्यक्ष बनाने के लिये भाजपा के समर्थित सभी जनपद सदस्य साथ रहे लेकिन संगठन में वर्चस्व और गुटबाजी के चलते ऐन वक्त में पार्वती शर्मा को प्रत्याशी बनाया गया, आखिरकार करारी हार का सामना करना पड़ा। कुल 18 सदस्य में 2 सदस्य गैरहाजिर थे। जिनमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की बहन अनिता पोयाम और नगरनार क्षेत्र से चुनाव जीती देवकी शंभूनाथ कश्यप शामिल रहें। इस तरह 16 ने मतदान किया इनमें पुरषोत्तम को 12 और पार्वती को 3 वोट मिले। एक मत निरस्त हुआ बताया गया कि एक जनपद सदस्य ने मतपत्र में क्रॉस की जगह सही का निशान लगा दिया जिसे पीठासीन अधिकारी ने गलत मानकर निरस्त कर दिया। भाजपा के पर्यवेक्षक विद्याशरण तिवारी जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे और रूपसिंह मण्डावी सक्रिय रहें लेकिन भाजपा का उपाध्यक्ष नहीं बना सके।





### सांसद का करीबी है पुरषोत्तम

*मिली जानकारी के मुताबिक पुरषोत्तम कश्यप बजरंग दल का नेता और समाजसेवी है। वह सांसद महेश कश्यप के लोकसभा चुनाव के समय काफी सक्रिय रहा। लेकिन कतिपय लोग उन्हें कांग्रेसी मान रहे है हालांकि उनके दादा कांग्रेसी थे। लेकिन पुरषोत्तम कांग्रेस से जुड़ा नहीं रहा। इस तरह जनपद चुनाव में भाजपा को जीतकर भी हार का सामना करना पड़ा। वह भी ऐसे समय जब प्रदेश अध्यक्ष बस्तर के है।*

# आपरेटर सिग्नल से पहले बस में सवार यात्रियों को नहीं उतारें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- आमागुड़ा चौक में दुर्घटना को देखते हुए डीएसपी ने बस आपरेटरों की ली बैठक
- निर्धारित स्टॉपेज में ही सवारी उतारने के निर्देश

सर्वाधिक दुर्घटनाजन्य क्षेत्र आमागुड़ा चौक में बस में यात्रा करने वाले यात्रियों को सिग्नल से पूर्व उतारने से बढ़ी दुर्घटनाओं की संभावना को देखते हुए डी ए स पी ट्रैफिक ने मंगलवार को रायपुर जगदलपुर मार्ग में चलने वाले बसों के आपरेटरों व मैनेजरों की बैठक आयोजित कर उन्हें समझाइश दी है।

डीएसपी ट्रैफिक संतोष जैन ने बताया कि आमागुड़ा चौक स्थित ट्रेफिक सिग्नल के करीब बस चालकों द्वारा शहर आने वाले यात्रियों को ▶▶ शेष पेज 12 पर

### आमागुड़ा चौक में यात्रियों को नहीं उतारने निर्देश

डीएसपी ने सभी बस आपरेटरों, चालकों व मैनेजरों से कहा है कि रायपुर की ओर से आ रहे यात्री बस चालक सिग्नल के पहले यात्रियों को आमागुड़ा चौक में न उतारा करें। यात्रियों को सिग्नल क्रास करने के बाद ही निर्धारित बस स्टॉपेज में ही बस को रोक कर यात्रियों को उतारा करें। वहीं यात्रियों के उतरने के दौरान बस के दरवाजे के पास कन्डेक्टर को मौजूद रखें ताकि सिग्नल से पहले गेट से कोई भी यात्री नीचे न उतर पाए और इन्हें सिग्नल के बाद आगे बस स्टॉपेज में यात्रियों को उतारें जिससे होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके। सभी को समझाइश दी गई की अन्य स्थानों पर भी बस स्टॉपेज में सवारी उतारते एवं चढ़ाते समय हमेशा यात्रियों के सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक नियमों का पालन करने अपने अपने कंपनी के बस कन्डेक्टर, ड्राइवर, टिकट चेकर को बताएं ताकी सड़क दुर्घटना से बचा जा सके।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में परिणय सूत्र में बंधे 138 जोड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा



- 35 हजार रुपए की राशि वधु के खाते में अंतरित
- मंत्री केदार व विधायक देव ने नवविवाहित दंपतियों को दिया आशीर्वाद

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार द्वारा प्रदेश के नागरिकों के सशक्तिकरण एवं सभी वर्गों को समानता का अधिकार देने के लिए सतत प्रयास किए जा रहे है। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय स्थित मिनी स्टेडियम सुकमा में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 138 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केदार कश्यप मंत्री वन एवं जलवायु परिवर्तन एवं प्रभारी मंत्री और विधायक जगदलपुर किरण देव, जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे ने नवविवाहित दम्पत्तियों को आशीर्वाद दिया और सुखद दाम्पत्य जीवन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। परंपराओं एवं रस्मों के साथ विधि विधानपूर्वक विवाह खुशी एवं उल्लास के माहौल में संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सुकमा से 35, छिंदगढ़ से 37, तोंगपाल से 47 दोरनापाल से 9 और कोंटा से 10 कुल 138 जोड़े शामिल हुए।

वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना गरीब परिवार की बेटियों के लिए एक सौगात है। बेटियों का विवाह बिना किसी पारिवारिक खर्च के आसानी से हो। इसके लिए शासन द्वारा 50 हजार रुपये प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत रीति-रिवाज, परम्परा का पालन करते हुए विवाह संपन्न कराया जाता है। मंत्री ने नवविवाहित जोड़ों को बधाई देते हुए कहा कि बस्तर की संस्कृति दहेज प्रथा से मुक्त है, जिससे समाज दहेज के दुष्परिणामों से सुरक्षित बना हुआ है। उन्होंने यह भी बताया कि पूरे प्रदेश में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिससे अनेक परिवारों को लाभ मिल रहा है। इसके अलावा, आयुष्मान योजना और महतारी वंदन योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की, ताकि लोग अपने जीवन को खुशहाल और सशक्त बना सकें।

विधायक देव ने परिणय सूत्र में बंधकर नव दाम्पत्य जीवन मे प्रवेश करने वाले वर-वधुओं के सुखमय जीवन की कामना करते हुए कहा कि आप सभी समाज के लिए प्रेरणा बनें एवं आदर्श जीवन यापन करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार गठन के साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आयी है। जिससे ▶▶ शेष पेज 12 पर

# इस बार हर्बल गुलाल से महकेगी होली ऐसे तैयार कर रहीं मधोता की महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

इस बार होली को और भी खास बनाने के लिए बस्तर जिले के ग्राम मधोता की मां भवानी स्व-सहायता समूह की महिलाएं पूरी तैयारी में जुट गई हैं। ये महिलाएं फूलों की खुशबू और उनके प्राकृतिक रंगों का उपयोग कर हर्बल गुलाल बना रही हैं। इस प्रयास से न सिर्फ लोगों को प्राकृतिक और सुरक्षित रंग मिलेंगे, बल्कि महिलाओं को भी आर्थिक लाभ मिलेगा। इस बार स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने कलेक्टोरेट परिसर में गुलाल के लिए स्टाल लगाया, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के मां भवानी महिला स्व-सहायता समूह की दिया ठाकुर, सहमनी, कुमारी, पदमनी, गोमती, मीना आदि शामिल है।

### फूलों से बन रहा शुद्ध हर्बल गुलाल

इन दिनों महिलाएं हर्बल गुलाल पालकभाजी, लालभाजी, गेंदा और गुलाब के फूलों का उपयोग कर प्राकृतिक गुलाल तैयार किया जा रहा है, जो न केवल त्वचा के लिए सुरक्षित होगा बल्कि उसमें फूलों की प्राकृतिक खुशबू भी होगी। महिलाएं इन फूलों को सुखाने के बाद उन्हें बारीक पीसकर गुलाल में तब्दील कर रही हैं।




### स्व-सहायता समूह की पहल

मां भवानी महिला स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष दिया ठाकुर ने बताया कि महिलाओं ने यह कार्य लगभग तीन साल पहले प्रयोग के तौर पर शुरू किया। धीरे-धीरे इस प्रयास को पहचान मिलने लगी और अब यह एक सफल व्यवसाय का रूप ले चुका है। इस बार एक क्विंटल गुलाल बनाया, जिससे यह महिलाएं अच्छी आमदनी कर सकती हैं।

## 15 वार्ड के पार्षद व नगर के गणमान्य नागरिक हुए शामिल

# नगर पंचायत बस्तर में हुआ अध्यक्ष और पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर



नगर पंचायत बस्तर में नव निर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को नगर पंचायत कार्यालय में संपन्न हुआ। नगर पंचायत बस्तर के परिसर में आयोजित इस महत्वपूर्ण अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष देवकी भद्रे और 15 नव निर्वाचित पार्षदों को एसडीएम एआर राणा ने शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह के पश्चात अध्यक्ष देवकी भद्रे ने अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाला और उन्होंने सभी को मिलकर नगर के विकास कार्यों को करने सहभागिता निभाने और योजनाओं को पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने की बात कही। नगर पंचायत के परिसर में आयोजित इस शपथ ग्रहण समारोह में सभी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों को बधाई दी। शपथ ग्रहण के पश्चात सीएमओ तरुणपाल लहरे ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों और नगर के गणमान्य नागरिको का आभार व्यक्त किया। इस समारोह की समाप्ति के बाद, सभी ने एकजुट होकर बस्तर नगर पंचायत बस्तर के विकास के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

इस दौरान फतेह सिंह परिहार, रामानंद मिश्रा, प्रेमशंकर शुक्ला, दिलीप सिंह सेंगर, गणेश बघेल, उदबोराम नाग, व्ही एस राजपूत सहित बड़ी संख्या में भाजपा और कांग्रेस के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### सभी ने जताया विश्वास

*यह शपथ ग्रहण समारोह नगर पंचायत बस्तर के लिए एक नई शुरुआत का प्रतीक बनकर उभरा है, जिसमें विकास और समृद्धि की दिशा में ठोस कदम उठाने का विश्वास सभी ने जताया।*

### 15 वार्ड के पार्षदों ने ली शपथ

*नव निर्वाचित पार्षद शिवानी मौर्य, सुमित्रा पटेल, राजकुमारी अनिल परिहार, समीर कुमार मिश्रा, नरसिंह नाग, अनिल परिहार, बंशीधर कश्यप,मंगल राम बघेल,आसावती बघेल, भागीरथी यादव, सीताराम बघेल, अंकित पारख, वीरसिंह मौर्य, लखबति मौर्य, सोनमती मौर्य ने शपथ ग्रहण किया।*

पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9149027841

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप

### कल पर भरोसा मत करो न जाने कल आपके लिए क्या लेकर आएगा

**जगदलपुर।** जगदलपुर। जो भगवान को मानते हैं वह धन, बल और विद्या का सदुपयोग करते हैं। धन का उपयोग धर्म के लिए करें। सिर्फ धन जोड़ने में जीवन व्यतीत न करें। याद रखें कफन में जेब नहीं होता। परलोक सुधारने सतकर्म करते चलें। कोई गारंटी नहीं है कि आपको दोबारा मानुष तन मिलेगा। जो करना है अभी कर लें। कल पर भरोसा मत करो न जाने कल आपके लिए क्या लेकर आएगा। उक्त बातें दंतेश्वरी मंदिर में चल रहे श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के सातवें दिन कथा बाचते हुए पंडित कृष्ण कुमार तिवारी ने कही। इस अनुष्ठान के दौरान मंगलवार को मां कालरात्रि महात्म, तुलसी कथा, तुलसी महिमा और नरकों का वर्णन किया गया। भागवत कथा के दौरान प्रथम देव के रूप में पूजनीय माता-पिता की महिमा का वर्णन करते हुए आचार्य ने कहा कि आप के बीमार होने पर माता-पिता होली- दीवाली जैसे त्यौहार को छोड़कर अस्पताल में रहते हैं। उन्हीं माता-पिता के निधन होने पर आज कल लोग दशगात्र के लिए 10 दिन का समय नहीं निकाल पाते। जिस माता ने आप को 9 महीने गर्भ में रखा। जिस पिता ने आप का भविष्य संवारने अपना पूरा जीवन व्यतीत कर दिया। इनका क्रियाकर्म मात्र तीन से पांच दिनों में कर हम वैदिक संस्कार की उपेक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शरीर में चार तत्व मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार होता है, पर यह दिखता नहीं है। इन चारों तत्वों के कारण ही आपके व्यक्तित्व की पहचान है। जिस शरीर के लिए हमअहम पलते हैं। वह तो सिर्फ चिता तक के लिए है। भागवत कथा के दौरान मां दंतेश्वरी चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया, तत्पश्चात मां कालरात्रि की पालकी नगर में निकाली गई। मां महागौरी महात्म, मनसा देवी कथा, रुद्राक्ष उत्पत्ति व महिमा, गायत्री महिमा, दंतेश्वरी चालीसा का सामूहिक पाठ, शाम सवा 6 बजे मां महागौरी पालकी का नगर भ्रमण।

# इंट्रीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर एवं विभागीय संवर्धन उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश में एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई की अध्यक्षता में आज जिले में आजीविका संवर्धन और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए जिला पंचायत कोण्डागांव के सभाकक्ष में इंट्रीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर एवं विभागीय संवर्धन उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

### आजीविका गतिविधियों को बढ़ावा

बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी साझा की गई। विशेष रूप से, महिलाओं को प्राथमिकता देते हुए उनकी आय में वृद्धि के लिए आजीविका गतिविधियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

कार्यशाला में निर्णय लिया गया कि विभिन्न विभागों की योजनाओं से महिलाओं को अधिक से अधिक लाभान्वित किया जाएगा और उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इंट्रीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर के तहत ग्रामीण स्तर पर चयनित ग्राम पंचायतों में 250–300 परिवारों को जोड़कर, विभागों के समन्वय से आजीविका संवर्धन की दिशा में कार्य किया जाएगा। इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रदान संस्था द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर प्रशिक्षण भी दिया गया।

## बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी की गई साझा

### जिले के कई परिवारों को सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त

कार्यशाला में विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारियों ने अपने विभागों से संचालित योजनाओं और गतिविधियों को विस्तार से समझाया। इसके साथ ही, आजिविका गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने और योजनाओं से जुड़ने के लिए विभिन्न सहयोग प्रदान करने का संकल्प लिया गया। यह कार्यशाला ग्रामीण विकास और आजीविका संवर्धन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। जिससे जिले के कई परिवारों को सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त होगा।




### ये रहे उपस्थित

इस कार्यशाला में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के जिला मिशन प्रबंधक विनय सिंह, समस्त जनपद पंचायतों के विकासखंड परियोजना प्रबंधक, क्षेत्रीय समन्वयक, पीआरपी, प्रत्येक आईएफसी क्लस्टर के अध्यक्ष, सचिव उपस्थित रहे।

## कलेक्टर सहित अधिकारियों ने भी खरीदा हर्बल गुलाल

# कलेक्ट्रेट परिसर में स्व-सहायता समूह ने हर्बल गुलाल का लगाया स्टॉल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला कार्यालय परिसर में फरसगांव विकासखण्ड के ग्राम झाटीबन के मां शीतला स्व–सहायता समूह द्वारा स्टॉल लगाकर समूह द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल के विक्रय के लिए स्टॉल लगाया गया है। उक्त स्टॉल में मंगलवार को कलेक्टर कुणाल दुदावत, डीएफओ एन गुरूनाथन व आर के जागड़े सहित जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई द्वारा हर्बल गुलाल का क्रय किया गया। इसके साथ ही जिला कार्यालय के अधिकारियों तथा यहां आने वाले आगंतुको में भी हर्बल गुलाल क्रय के लिए उत्साह देखने को मिला। यह स्टॉल जिला कार्यालय परिसर में 13 मार्च तक खुला रहेगा।

### प्राकृतिक वस्तुओं से बनता है गुलाल

*यह गुलाल होली पर बाजारों में बिकने वाले हानिकारक रासायनिक गुलालों से होने वाले दुष्प्रभावों जैसे त्वचा में एलर्जी, अस्थमा, सिर दर्द, खुजली एवं इनफेक्शन से बचाता है तथा त्वचा को शीतलता प्रदान करते हुए प्राकृतिक वस्तुओं से बनने के कारण त्वचा के लिए गुणकारी भी होता है। हर्बल गुलाल के निर्माण के लिए समूह के सदस्यों द्वारा वर्ष भर आवश्यक वनोत्पादों का संग्रहण किया जाता है। कलेक्टर परिसर के अलावा होली के पूर्व घड़ी चौक में भी हर्बल गुलाल का स्टॉल लगाकर विक्रय किया जाएगा।*

### विगत 5 वर्षों से मां शीतला स्व-सहायता समूह बेच रहा है हर्बल गुलाल

इस संबंध में पीआरपी सागर सेठी ने बताया कि विगत 5 वर्षोंर् से झाटीबन की मां शीतला स्व–सहायता समूह द्वारा हर वर्ष होली के अवसर पर हर्बल गुलाल बेचा जाता है। हर्बल गुलाल को पलास, धवई, सिन्दुर, मेहन्दी, चुकन्दर, लाल भाजी, पालक, हल्दी एवं गुलाब जल से बनाया जा रहा है। जिसमें कृषि विज्ञान केन्द्र कोण्डागांव द्वारा समूह को तकनीकी मार्गदर्शन के साथ आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराये गये हैं।

# पुलिस ने घेराबंदी कर चार जुआरियों को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

पुलिस ने जुआरियों पर बड़ी कार्यवाही की है। देर रात पुलिस ने फार्म हाउस में जुआ खेल रहे जुआरियो को घेराबंदी कर पकड़ा । फरसगांव थाना से मिली जानकारी अनुसार सोमवार को रात्रि में मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम पूर्वी बोरगांव में राज कुण्डू के फार्म हाऊस के अन्दर कुछ व्यक्तियों के द्वारा ताश के 52 पत्ते से हार जीत का दांव लगा कर जुआ खेल रहे है कि सूचना मिलने गवाहों को साथ लेकर मुखबीर के बताये स्थान में पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किये।जिसमें ताश के 52 पत्तों से जुआ खेल रहे 04 व्यक्तियों को पकडे जिनका नाम पता पूछने पर अपना नाम (1) राजकुमार कुण्डू उर्फ राज कुण्डू उर्फ राजा पिता स्व. राधेश्याम कुण्डू (2) अशोक दास पिता मनोरंजन दास (3) मुकेश बड़ई पिता स्व. गौरंग बड़ई (4) प्रशांत साहा पिता संजीत साहा सभी पूर्वी बोरगांव निवासी है। जिनके कब्जे से व फड़ से कुल 15000 रूपये, ताश के पत्ते सहित अन्य जुआ उपयोगी सामान के साथ एक नग ब्रेजा कार कमांक सी.जी. 17 एल.ए. 7767 कीमती 12 लाख रूपये, 01 नग बिना नंबर के मोटर सायकल कीमती 80 हजार रूपये, 01 नग काले रंग का मोटर सायकल बिना नंबर यूनिकार्न कीमती 60 हजार रूपये, 01 नग एक्वा स्कूटी क्रमांक सी.जी. 27 एच. 8602 कीमती 01 लाख रूपये, 01 नग नीले रंग का वन प्लस मोबाईल कीमती 12 हजार रूपये, 01 नग काले रंग के जिओ मोबाईल कीमती 01 हजार रूपये, 01 नग वीवो कंपनी का मोबाईल कीमती 10 हजार रूपये, 01 नग काले रंग का रेडमी मोबाईल कीमती 10 हजार रूपये कुल जुमला 14 लाख 88 हजार रूपये पाये जाने से मुताबिक जप्तीपत्रक गवाहों के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपियों का कृत्य छत्तीसगढ जुआ (प्रतिशेध) अधिनियम 2022 की धारा 4 (क) के अन्तर्गत पाये जाने से मौके पर विधिवत गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में सायबर सेल प्रभारी सतीश भार्गव उप पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव, निरीक्षक संजय सिन्दे थाना प्रभारी फरसगांव, सउनि, पिताम्बर कठार, सुरेन्द्र बघेल, प्र.आर. मुपेन्द्र साहु, आरक्षक अजय मरकाम, धनीराम सलाम, दीपक हलधर, एवं सायबर सेल टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# कलेक्टर ने बस्तर पंडुम कार्यक्रम को लेकर ली समीक्षा बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ बस्तर पंडुम के गरिमामयी आयोजन को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने में आगामी बस्तर पंडुम के आयोजन को लेकर आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ की अनूठी आदिवासी संस्कृति और परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के उद्देश्य से 'बस्तर पंडुम का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के माध्यम से बस्तर संभाग की समृद्ध लोककला, रीति–रिवाज, पारंपरिक जीवनशैली और सांस्कृतिक विरासत को संजोने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को ब्लाक स्तरीय आयोजन के लिए आवश्यक तैयारी करने के निर्देश देते हुए कहा कि बस्तर पंडुम का आयोजन परंपरागत एवं गरिमापूर्ण ढंग से करें। आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय–सीमा की बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा कलेक्टर श्री दुदावत ने की। उन्होंने विभागवार योजनाओं की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

**तहसीलदारों को 20 मार्च तक शेष पंजीयन पूर्ण करने के निर्देश** –बैठक के दौरान कलेक्टर ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत युवाओं के पंजीयन की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें। कलेक्टर ने एग्रीस्टेक योजना के तहत किसानों के पंजीयन कार्य की समीक्षा करते हुए सभी तहसीलदारों को 20 मार्च तक शेष किसानों का पंजीयन पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सीएससी सेंटर में किसानों से अवैध रूप से पैसे वसूलने की शिकायतों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ई–ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन के लिए 31 मार्च तक सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के शासकीय ईमेल निर्माण और प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिससे प्रशासनिक प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और त्वरित बनाया जा सके। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत कार्यों की विकासखंडवार समीक्षा करते हुए आवास प्लस के तहत पंजीयन कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**रात्रि के समय चिकित्सकों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित** – कलेक्टर ने स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत सफाई अभियान की नियमित निगरानी के निर्देश दिए और गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई करने के लिए संबंधित एसडीएम को निर्देशित किया। इसके अलावा कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि विशेषकर रात्रि के समय चिकित्सकों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित हो ताकि मरीजों को असुविधा न हो। उन्होंने जिले के नगरीय निकायों में अवैध प्लाटिंग पर सख्ती बरतने के निर्देश दिए और कहा कि अवैध प्लाटिंग के मामलों की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

**ये रहे उपस्थित** – बैठक में मुख्यमंत्री जनदर्शन एवं कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों सहित समय–सीमा में लंबित विभिन्न प्रकरणों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, डीएफओ एन. गुरूनाथन, आर.के. जांगड़े सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कोंडागांव में नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पुलिस ने एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान पुनम मानिकपुरी के रूप में हुई है। जिसने शादी का झांसा देकर पीड़िता के साथ कई बार दुष्कर्म किया। पीड़िता ने हाल ही में एक बच्चे को जन्म दिया है।

**ये है मामला** – पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह जुलाई 2023 में अपने रिश्तेदार के घर बयानार में कक्षा 11वीं की पढ़ाई करने आई थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात पुनम मानिकपुरी से हुई जो उसके चाचा का दोस्त था। मानिकपुरी ने पीड़िता को अपने घर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और उसे जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद, मानिकपुरी ने पीड़िता के साथ कई बार दुष्कर्म किया। पीड़िता गर्भवती हो गई और उसने मानिकपुरी को इस बारे में बताया। मानिकपुरी ने पीड़िता से शादी करने और बच्चे को अपनाने का वादा किया, लेकिन बाद में मुकर गया।

**पुलिस ने की कार्रवाई** – पीड़िता की शिकायत पर, बयानार पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 366, 376 (2) (एन), 506 और पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत मामला दर्ज किया गया। कोंडागांव के पुलिस अधीक्षक येदुवल्ली अक्षय कुमार के निर्देश पर, एक टीम का गठन किया गया और आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है और मामले की जांच जारी है।




**पुलिस का बयान** – कोंडागांव पुलिस ने महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है और कहा है कि वे ऐसे मामलों में त्वरित और कड़ी कार्रवाई करना जारी रखेंगे।

**मुख्य बिंदु** – पीड़िता ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया है। आरोपी की उम्र 20 वर्ष है। पुलिस ने आरोपी को 11 मार्च 2024 को गिरफ्तार किया।

## पेज 11 के शेष

### आपरेटरों से सिग्नल...

उतार दिया जाता है। जिससे सिग्नल के दौरान हाईवे से गुजरने वाली वाहनों के चलते दुर्घटनाओं की संभावना अधिक बढ़ गई है। इससे पूर्व भी इसी दुर्घटनाजन्य क्षेत्र में कई दुर्घटना हो चुकी है। जिसमें कई लोग घायल हो चुके है। मौत भी हो चुकी है। इसे देखते हुए रायपुर से जगदलपुर आने जाने वाले बस आपरेटरों व मैनेजरों की निर्देश दिया गया है कि यात्रियों को सिग्नल के आसपास न उतारें तथा निर्धारित स्टॉपेज में ही यात्रियों को उतारें। गौरतलब है कि रायपुर की ओर से आ रही यात्री बस या अन्य भारी वाहन आमागुड़ा चौक में सिग्नल लाइट के टाइमर को देखते हुए रोड क्रास करने अपने पारी का इंतजार करते खड़े रहते हैं। इसी समय बस से यात्री सिग्नल से पहले उतर कर लालबाग की ओर जाने लगते हैं। इसी दौरान ट्रैफिक सिग्नल लाईट स्टार्ट होने की स्थिति में रायपुर तरफ से आ रही भारी एवं अन्य वाहन गंतव्य की ओर आगे बढ़ने लगते हैं। इस दौरान वाहन चालकों को बस से उतरकर सड़क के करीब से होकर रोड क्रास कर रहे यात्री व अन्य लोग दिखाई नहीं देने के स्थिति में सड़क दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह...

सभी वर्ग के लोग लाभान्वित हो रहे है। उन्होंने आमजनों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना है, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की कन्याओं के विवाह में सहायता प्रदान करना है। योजना की प्रमुख विशेषताएं विवाह के लिए एक जोड़े को 50 हजार रुपए तक खर्च शासन करता है। जिसमें 35 हजार रूपए की राशि वधु के खाते में अंतरित की गई तथा 7 हजार रूपए की श्रृंगार सामग्री एवं उपहार वर-वधु को दिए गए। योजना के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिसमें गरीब परिवारों की बेटियों का विवाह सरकारी सहयोग से संपन्न कराया जाता है।

**ये रहे उपस्थित-** इस अवसर पर जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे, राज्य महिला आयोग की सदस्य दीपिका सोरी, अमर बंसल, अरुण सिंह भदौरिया, कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, एसपी किरण गंगाराम चव्हाण, सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन, महिला एवं बाल विकास अधिकारी बिस्मिता पाटले सहित नवनिर्वाचित पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, नवविवाहित दम्पत्तियों के परिजन, अधिकारी-कर्मचारी, आम नागरिक उपस्थित थे।

### बड़ाजी थाना में ...

की बाइक व सुसाइड नोट बरामद किया है। घटना की खबर लगते ही पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस मामले में मृतक के परिजनों, दोस्तों और सहकर्मियों से पूछताछ कर रही है ताकि आत्महत्या के पीछे की वजह का खुलासा हो सके। घटना ने पुलिस महकमे में भी चिंता बढ़ा दी है। पुलिस मामले को गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक आरक्षक नवलेश कश्यप लोहंडीगुड़ा का निवासी था और साल भर पहले डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) में तैनात था। इसके बाद उसकी पोस्टिंग बड़ाजी थाने में की गई थी। यह भी बताया जा रहा है कि वह कुछ दिनों से डिप्रेशन में था। बहरहाल बड़ाजी पुलिस मामला दर्ज कर शव पीएम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर आगे की जांच कर रही है।

# सिविक एक्शन कार्यक्रम के साथ लगा चिकित्सा शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

स्थानीय लोगों में जागरूकता एवं चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से सिविक एक्शन कार्यक्रम के साथ साथ चिकित्सा शिविर लगाया गया। उक्त कार्यक्रम में वाहिनी की तरफ से स्थानीय लोगो को चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के साथ-साथ सिलाई मशीन, साइकिल, वाटर फ़ल्टिर, अम्ब्रेला, वर्तन एवं स्कूल बैग तथा स्टेशनरी आदि सामग्री का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम अमित भाटी सेनानी 53 वीं वाहिनी के मार्गदर्शन में अग्रिम सीओबी आकाबेड़ा और कोडलियार जिला नारायणपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 53 वीं वाहिनी के अधिकारी मनीष उपसेनानी, सुरेश कुमार सहायक सेनानी एवं धर्मराज सहायक सेनानी, 41वीं वाहिनी के अधिकारी अर्जुन सामल सहायक सेनानी और राज्य पुलिस के पदाधिकारियों के साथ-साथ हिमवीर जवान तथा स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



# फरसगांव व बड़ेडोगर थाना में होली को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**फरसगांव।** आगामी होली त्यौहार में मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अनुविभाग स्तरीय पर शांति समिति की आवश्यक बैठक फरसगांव थाना परिसर और बड़ेडोंगर थाना परिसर में मंगलवार को हुई । फरसगांव थाना परिसर में फरसगांव एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम, एसडीओपी अभिनव उपाध्याय , तहसीलदार जयकुमार नाग, नायब तहसीलदार निधि नेताम, थाना प्रभारी संजय शिंदे सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, स्थानीय व्यापारीजन और वरिष्ठजनों की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सभी लोगों को शांतिपूर्ण तरीके से होली त्यौहार मनाने, आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं फरसगांव नगर में मुख्य चौक चौराहों पर सुरक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। साथ ही त्योहार के समय नगर की दुकानों में होने वाले भीड़भाड़ एवं सड़क किनारे वाहनों के खड़े होने के कारण यातायात प्रभावित होने की समस्या के निराकरण के बारे में भी चर्चा हुई । इसी तरह मंगलवार को बड़ेडोगर थाना परिसर में थाना प्रभारी विनोद कुमार नेताम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, वरिष्ठजनों और समाज प्रमुखों की उपस्थिति में बैठक की गई । थाना प्रभारी ने सभी को होली के पर्व को शांतिपूर्वक मनाने अपील किया गया। यदि कोई भी व्यक्ति नियमों को विरुद्ध या हुड़दंग करते हुए पाए जाने पर कार्यवाही करने की बात कही गई। इस दौरान नगर पंचायत फरसगांव के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रशांत पात्र, नवनिर्वाचित पार्षदगण सहित स्थानीय व्यापारी , वरिष्ठजन , स्थानीय पत्रकार सहित अन्य उपस्थित थे।

# सुधा दिलीप दीवान बनीं गिरोला ग्राम पंचायत की उपसरपंच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

ग्राम पंचायत गिरोला में हाल ही में हुए चुनावों में श्रीमती सुधा दिलीप दीवान ने बड़ी जीत हासिल करते हुए उपसरपंच का पद अपने नाम किया। श्रीमती दीवान को कुल 19 पंचों में से 12 का समर्थन प्राप्त हुआ। उनकी इस शानदार जीत से उनके परिवार और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। श्रीमती दीवान के परिवार, मालगुजार परिवार में लगातार उपसरपंच बनने की परंपरा रही है। उनके परिवार के सदस्यों ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया है और श्रीमती दीवान को उनकी नई भूमिका पर हर्ष व्यक्त किया हैं।

**समर्थकों और मतदाताओं को दिया धन्यवाद** –श्रीमती दीवान ने अपनी जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि वह पंचायत के विकास और लोगों की सेवा के लिए पूरी तरह से समर्पित रहेंगी। उन्होंने अपने समर्थकों और मतदाताओं को धन्यवाद दिया और विश्वास दिलाया कि वह उनकी उम्मीदों पर खरी उतरेंगी। गिरोला ग्राम पंचायत के निवासियों ने भी श्रीमती दीवान की जीत पर प्रसन्नता व्यक्त की है और उन्हें एक सक्षम और समर्पित नेता बताया है। लोगों का मानना है कि उनके नेतृत्व में पंचायत विकास के नए आयाम स्थापित करेगी।

## खबर संक्षेप

### महा परीक्षा को लेकर संकुल समन्वयकों की बैठक



**बस्तर।** 23 मार्च को होने वाली महा परीक्षा के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु बस्तर ब्लॉक के अंतर्गत 91 पंचायतों में मुनादी द्वारा व जनप्रतिनिधियों के माध्यम से सभी असाकच्छरो को साक्षर बनाने कवायद करने आज सभी 61 संकुल समन्वयकों की बैठक बीआरसी भवन बस्तर में आयोजित की गई। जिसमें अधिक से अधिक पंजीयन करवाकर परीक्षा में बिठाने निर्देशित किया गया। साथ ही समीप केंद्रों का निर्धारण करने को कहा गया है ताकि लोगों को असुविधा न होने पाए इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उक्त बैठक में सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी व नोडल परीक्षा सुशील तिवारी व बी आर सी बस्तर राजेंद्र ठाकुर उपस्थित थे। उक्त बैठक में आगामी 17 मार्च से आयोजित होने वाली 5वी 8वी बोर्ड केंद्रीकृत परीक्षा को व्यवस्थित रूप से संचालित करने हेतु जिले द्वारा दिये गए गाइड लाइन के बारे में विस्तार से बताया गया।

### 14 मार्च को जिले में शुष्क दिवस घोषित

**दंतेवाड़ा।** कार्यालय कलेक्टर आबकारी से जारी विज्ञप्ति अनुसार छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 एवं उसके अधीन बनाये गये नियमों एवं छत्तीसगढ़ आबकारी देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम 2018 यथासंशोधित के तहत वर्ष 2024-25 के लिए देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों का आबकारी नीति के अन्तर्गत व्यवस्थापन एवं अन्य बिंदुओं पर शासन निर्देश की कंडिका 16 के अनुसार 14 मार्च को होली जिस दिन रंग खेला जाए के अवसर पर शासन द्वारा शुष्क दिवस घोषित किया गया है। 14 मार्च को जिला दंतेवाड़ा की समस्त देशी मदिरा दुकान सी.एस.2 (घघ) एवं विदेशी मदिरा दुकान एफ.एल. 1 (घघ) एवं विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकान एफ.एल.-1 (घघ-कम्पोजिट) तथा एफ.एल. 7 सैनिक कैंटीन फुटकर अनुज्ञप्ति पूर्णतः बंद रहेगी।


### 5वीं व 8वीं की वार्षिक परीक्षा 17 मार्च से

**सुकमा।** लोक शिक्षण संचालनालय छग रायपुर के आदेशानुसार कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव एवं सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन के मार्गदर्शन में सुकमा जिले में भी कक्षा 5वीं एंव 8वीं शिक्षा सत्र 2024-25 की केंद्रीकृत वार्षिक परीक्षा आगामी 17 मार्च से 3 अप्रैल आयोजित किये जायेगें जिसके लिए प्रथम चरण में जीआर मण्डावी जिला शिक्षा अधिकारी सुकमा विकासखंड शिक्षा अधिकारी,संकुल प्राचार्य एंव संकुल समन्वयक की बैठक लेकर विस्तृत जानकारी दी गयी थी साथ ही निर्देश दिये मैदानी स्तर पर एक सप्ताह में तैयारी पूर्व कर ली जाए ।

## निधन

### बसंत कुमार पांडे

**जगदलपुर।** शिवमंदिर वार्ड निवासी बसंत कुमार पांडे (85) सेवानिवृत्ति ईई लोक स्वास्थ्य



यांत्रिकी विभाग का आज सुबह 4:10 बजे निधन हो गया। वे आबकारी विभाग में पदस्थ शैलेश पांडे (बिल्लू), संदीप पांडे और दिव्या पांडे के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा सुबह 10 बजे गृह निवास शिवमन्दिर वार्ड से मुक्तिधाम के लिए निकली। वे भरापूरा परिवार छोड़ गए।

### नक्सल प्रभावित क्षेत्र कड़ियामेटा में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन

# समस्याएं लेकर ग्रामीण पहुंच रहे कैम्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

तीन जिला दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बस्तर के सीमावर्ती क्षेत्र में बसे नक्सल प्रभावित क्षेत्र कड़ियामेटा में तैनात सीआरपीएफ 195 बटालियन द्वारा कड़ियामेटा में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

गौरतलब हैं कि दशकों से बस्तर, दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले के सीमा पर बसे कड़ियामेंटा गांव माओवादियों की

- स्वास्थ्य कैम्प लगाकर ग्रामीणों का किया गया इलाज और दी दवाईयां

पूर्वी बस्तर डिवीजन और आमदाई एरिया कमेटी के कब्जे में था। लेकिन जब से यहां सुरक्षा कैंप स्थापित हुआ है तब से माओवादियों ने अपने पैर पीछे खींच लिए हैं। साथ ही हाल के कुछ महीनों में केरिपुबल के 195 वीं वाहिनी ने माड़ एवं दक्षिणी बस्तर के दूरदराज के ग्रामीणों के साथ बेहतर और सहयोगात्मक संबंध



बनाकर बल के प्रति अटूट विश्वास कायम किया है जिससे नक्सलियों में घोर बेचैनी और निराशा है ग्रामीणों के साथ बेहतर सहयोग और उन्हे विकास की मुख्य धारा में लाने हेतु 195 वीं बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के एफ 195 बटालियन कड़ियामेटा द्वारा ग्राम कड़ियामेटा में सिविक एक्शन कार्यक्रम एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत 195 वीं वाहिनी केरिपुबल द्वारा ग्रामीणों से आपसी तालमेल बनाने के साथ नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीणों में सुरक्षा बल के जवानों के प्रति विश्वास जीतने के लिए ग्रामीणों को आवश्यक सामग्रियों जैसे दैनिक उपयोगी समानों, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं मनोरंजन के अनेक सामाग्री का ग्रामीणों में वितरण किया गया। जिसमें माड़ क्षेत्र से कड़ियामेटा थाना अंतर्गत ग्राम बुरगुम, छोटे बुरगुम , किलेम, टेटम सहित आस पास गांव के काफी संख्या में पुरूषों महिलाएं एवं बच्चे सम्मिलित हुए। ग्रामीणों को कंबल, बर्तन, कृषि सामाग्री, साइकिल, बच्चों को अध्ययन व खेल-कूद आदि सामग्री के साथ-साथ बीमार ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यक दवाईयों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों को देश और क्षेत्र के विकास योजनाओं की ताजा हालात से रूबरू कराने एवं भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहें लाभान्वित योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा समाज के मुख्य धारा से भटके युवाओं को मुख्य धारा में लाने एवं हिंसा छोड़ शान्ति और विकास के रास्ते पर चलने के लिए ग्रामीणों को अवगत कराया गया ।

सीआरपीएफ 195 बटालियन कड़ियामेटा कंपनी कमांडर इंस्पेक्टर तुफेल मुगल ने बताया कि पहले यह क्षेत्र नक्सलगढ़ के नाम से जाना जाता था परंतु जब से सीआरपीएफ 195 बटालियन कैंप यहां स्थापित हुआ है हमारा उद्देश्य रहा है कि गांव में खुशियाली आए जिसके लिए सीआरपीएफ बल द्वारा गांव में पहले गांव वालों को विश्वास जीता गया और गांव में कई विकास कार्य किए गए जिसमें सड़क बिजली पानी जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराई गई जिसके कारण गांव वालों का विश्वास सीआरपीएफ जवानों के प्रति जगा है अब ग्रामीण बेझिझक होकर अपनी समस्या हम तक पहुंचाते हैं जिसका परिणाम है कि अब अंदरूनी क्षेत्र के गांव में विकास विश्वास सुरक्षा की तर्ज पर काम किया जा रहा है और सिविक एक्शन प्रोग्राम के माध्यम से ग्रामीण हम से जुड़ रहे है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजीव कुमार कमाण्डेट, सुभाष चन्द्र प्रसाद, विक्रांत वर्मा, कड़ियामेटा कैंप प्रभारी इंस्पेक्टर तुफ़ेल मुग़ल, रवि सिंह, निप्पोन बर्मन और सीआरपीएफ 195 बटालियन कड़ियामेटा के जवान उपस्थित थे।

### कमाण्डेंट ने ग्रामीणों से अनुभव साझा किया

इस अवसर पर राजीव कुमार कमाण्डेंट 195 वीं वाहिनी ने ग्रामीणों के साथ अनुभव एवं विचारों को साझा करते हुए संबोधित किया। 195 वीं वाहिनी द्वारा इस कोर इलाके में विभिन्न अभियानों का सफलता पूर्वक परिचालन किया गया है। भारत सरकार के दिशा निर्देशन में राज्य सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते हुए विश्वास एवं विकास का वातावरण तैयार किया जा रहा है। विधानसभा, लोकसभा एवं हाल में संपन्न पंचायत चुनावों में ग्रामीणों की अपूर्व भागीदारी एक सुरक्षित वातावरण का परिचायक तो है ही साथ ही ग्रामीणों की मुख्यधारा में जुड़ाव की व्याकुलता एवं समृद्धि की आकांक्षा का भी घोतक है। आज 195वीं बटालियन द्वारा तैयार किए गए सुरक्षित वातावरण में नारायणपुर-बारसुर रोड पर आवागमन, गांवों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का सफलतापूर्वक परिचालन, स्कूल, आश्रमों में छात्रों की प्रतिशतता में बढ़ोतरी एवं नए बाजारों को खुलना अबुझमाड़ की एक अलग कहानी कह रही है।

## बटालियन आपकी सुरक्षा व सहायता के लिए सदा प्रतिबद्ध : हरविंदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

241 बस्तरिया बटालियन की कम्पनीयों कामानार दरभा एवं एनटीआरओ जगदलपुर द्वारा 10 मार्च को ग्राम कुटूमसर थाना दरभा में मेडिकल कैम्प एवं सिविक एक्सन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत 241 बस्तरिया बटालियन के द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. निकिता आर. नायडू चिकित्सा अधिकारी द्वारा ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जाँच की गयी और दवाईयों का वितरण किया गया तथा सिविक एक्सन प्रोग्राम के तहत ग्गप्रमवासियों को पानी के ड्रम का



वितरण किया गया।

कार्यकम का शुभारंभ हरविंदर सिंह कमाण्डेंट 241 बस्तरिया बटालियन द्वारा किया गया। उन्होंने गांव वासियों को संबोधित करते हुए बताया कि सुरक्षा बल और स्थानीय नागरिकों के बीच संबंध बनाये रखने का लक्ष्य को लेकर मेडिकल कैम्प लगाया गया। हमें युवा पीढी को खेल कूद में रूचि बढ़ाने के लिए प्रेरित करना चाहिए, खेलकूद से स्वस्थ्य ही नहीं अपितु मानसिक व समाजिक विकास भी होता है। उन्होंने आगे कहा कि बस्तरिया बटालियन आपकी सुरक्षा एवं सहायता के लिए सदा प्रतिबद्ध है। एवं तैनाती स्थल में स्थानीय लोगों के साथ समन्वय एवं सौहार्दपूर्ण भाव से कार्य कर रही है। इस कार्यकम मे कुटूमसर एवं आसपास के ग्रामीणों से आए 250-300 लोगों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और जांच करवाया। कार्यकम के दौरान हरविंदर सिंह कमाण्डेंट 241 बटालियन, डॉ. निकिता आर. नायडू, चिकित्सा अधिकारी, सविता सिंह सहायक कमाण्डेन्ट एफ/241, निरीक्षक विरेन्द्र कुशवाहा के अतिरिक्त, ग्राम प्रधान सेड़वा निलिमा कश्यप, ग्राम प्रधान कुटूमसर शईश्वर लाल के साथ सग्रामीणों एवं 241 बस्तरिया बटालियन के जवान मौजूद रहे।

## जिला कांग्रेस ने केन्द्र सरकार व ईडी का किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री आईसीसी महासचिव भूपेश बघेल के निवास स्थान सहित विभिन्न स्थानों में 10 मार्च को किये गए छापेमारी के विरोध में 11 मार्च को केंद्र सरकार और प्रवर्तन निर्देशालय ईडी का पुतला दहन किया गया।

वर्तमान में केंद्र से लेकर राज्य तक भाजपा की सरकार डरी हुई है। लोकसभा में उठाये गए सवाल को दबाने के लिए बुद्धिजीवों और देश की जनता का ध्यान भटकाने के लिए झूठा छापेमारी करवाना ये बीजेपी के सरकार का जनता से किये गए झूठे वादों के ऊपर पर्दा डालने का हथियार है। ईडी के द्वारा सरकारी तंत्रों का दुरूपयोग कर कांग्रेस के नेताओं कार्यकर्ताओं को डराने का कोशिश किया जा रहा है। लेकिन बीजेपी भूल गई की कांग्रेस डरने वाली नहीं है। जितना आप परेशान करोगे उतना ही मजबूती से कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता के हितों के लिए सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ेगी।

इस दौरान पूर्व विधायक देवती महेंद्र कर्मा, जिपं सदस्य सुलोचना कर्मा, वीरेंद्र गुप्ता, विमल सलाम, अजय मरकाम, अनिल कर्मा, मनोज मालवीय, एन नागराज, राधा नाग, जितेंद्र कश्यप, लछु मंडावी , अजय



उईके, भोला मरकाम, उमेश कश्यप, अविनाश सरकार, विक्रांत भारती, रधुवीर यादव, अर्जुन भास्कर, गायेंद्र सिंह, शैलेंद्र यादव, किशोर जूरी, करण इक्छाम, दया भास्कर, सुरीज सेठिया, उमेश राणा, नीलेश कुजूर, निखिल टोपो, आयुष यादव, राजकुमार अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### युवा कांग्रेस ने किया पुतला दहन



**लोहंडीगुड़ा।** ईडी का दुरुपयोग कर रही भाजपा लगातार कांग्रेस के नेता पर ईडी का छापा मार रही है। युवा कांग्रेस के नेताओ द्वारा मंगलवार को लोहंडीगुड़ा में भाजपा सरकार के खिलाफ पुतला जलाया। युवा नेताओं ने बताया कि जनता की मूलभूत मांगों और उनके आवाज उठाने वालों पर ईडी का दुरुपयोग कर रही है। ताकि जनता का ध्यान भटक सके। लगातार राज्य में विष्णु देव साय की सरकार फेल होती जा रही है। जनता के लिए पैसा नहीं है। ना कोई नौकरी ना रोजगार का साधन है। जिससे जनता बहुत परेशान हैं । इस दौरान युवा नेता जिला पंचायत सदस्य योगेश कुमार कोयतोर, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष एवं चित्रकोट सरपंच भवर लाल और युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सीमांचल ठाकुर और कांग्रेस के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### मनरेगा का सहारा मिला दिव्यांगों का बढ़ा हौसला

**दंतेवाड़ा।** महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना कई रूपों मे लोगों का जीवन बदल रहा है। योजना ने जरूरत के समय ग्रामीणों को सीधा रोजगार उपलब्ध करा कर उनके जीवन यापन के साधनों को एक सशक्त आधार उपलब्ध कराया है। मनरेगा अब ग्रामीण समाज के अब तक उपेक्षित रहे दिव्यांगजनों के लिए भी एक वरदान सिद्ध हो रहा है। इस क्रम में दंतेवाड़ा जिले के जनपद पंचायत दंतेवाड़ा अन्तर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में 40 दिव्याग हितग्राहियों को जॉब कार्ड जारी कर मनरेगा में उनकी योग्यता आधार पर कार्य दिया जा रहा है। इन कार्यों में जॉब कार्ड भरने के कार्य प्रमुख है और मनरेगा कार्यस्थल में लगे मजदूरों को पानी पिलाने जैसे कार्यों में भी उन्हें संलग्न कर रोजगार दिया जा रहा है।

## दरभा थाना व कामानार चौकी में शांति समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

होली से पूर्व दरभा थाना व कामानार चौकी क्षेत्र में शातिं समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों व नागरिकों को होलिका दहन व होली खेलने के दौरान मुख्य मार्ग में होली नही खेलने तथा किसी धर्म विशेष के लोगों के साथ जबरन रंग गुलाल नही लगाने एवं शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में होली पर्व मनाने समझाइश दिया गया। वहीं पर्व के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति या घटना की जानकारी तत्काल थाना दरभा व कामानार चौकी में देने निर्देश दिया गया।

होली पर्व को लेकर आयोजित शांति समिति की बैठक में मुखौटा नही पहनने व हाई टेंसन तार के निचे होली नही जलाने तथा मुख्य मार्ग में होली नही खेलने



कहा गया। वहीं इस दौरान किसी धर्म विशेष के लोगों के साथ जबरन रंग गुलाल नही लगाने एवं शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में होली पर्व मनाने के लिए समझाइश दिया गया। इस दौरान दरभा थाना प्रभारी चाणक्य नाग, कामानार चौकी प्रभारी व अन्य अधिकारियों के अलावा क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक, व्यापारी गण, सरपंच, पंच व नव निर्वाचित पदाधिकारी व ग्राम कोटवार उपस्थित रहे।

## होली त्यौहार शांति एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मनाया जाये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर गजेंद्र सिंह ठाकुर ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में शांति एवं कानून व्यवस्था समिति की बैठक ली। उन्होंने कहा के जिला सुकमा में होली त्यौहार शांति एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मनाया जाये। सुकमा

- शांति एवं कानून व्यवस्था समिति की बैठक संपन्न

शहर में होलिका दहन प्रमुख रूप से मिनी स्टेडियम, माहेश्वरी पारा, साप्ताहिक बाजार पारा, पटनमपारा दैवी चौक, पावारास, कुम्हाररास के पास किया जाता है। इन स्थानों पर सुरक्षा हेतु पर्याप्त सुरक्षा बल लगाने को कहा। साथ ही होलिका दहन के दिन फ्लैग मार्च का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही प्रमुख चौक चौराहों पर पुलिस की



डयूटी लगाने के निर्देश दिए। होली खेलते समय ध्यान रखे कि रंग गुलाल बिना सहमति के किसी भी व्यक्ति एवं महिला पर ना डालें। यदि उनके द्वारा रंग गुलाल नहीं खेलने का अनुरोध करते है तो उनकी भावना का सम्मान किया जाए। नशे की हालत में दो पहिया या चार पहिया वाहन ना चलायें। दो पहिया वाहन में दो से अधिक सवारी ना बिठाए और ना ही तेज गति से चलायें इसका विषेश ध्यान रखा जाए।

### महिलाओं का विशेष ध्यान रखें

महिलाओं पर जबरदस्ती रंग न लगाएँ। उनकी सहमति और सुविधा का पूरा ध्यान रखें। शराब या किसी अन्य नशे की स्थिति में गाड़ी चलाने से बचें। इससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। तेज रफ्तार से वाहन न चलाएँ और ट्रैफिक नियमों का पालन करें। होली प्रेम और भाईचारे का त्योहार है, इसे शालीनता से मनाएँ। साथ ही होलिका दहन किसी हरे भरे वृक्ष के नीचे, बिजली तार के नीचे, गौरव पथ/एनएच-30 मार्ग पर ना जलाया जाए। इस संबंध में सदस्यों को अवगत कराया गया कि गौरव पथ की सुंदरता को बनाये रखने हेतु गौरव पथ पर होलिका दहन ना करें, लोगों से अपील की जावे।

## चाकू बाजी करने वाले दो आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले के बचेली स्थित होटल हिलटॉप के पास 24 फरवरी को आरोपी किशोर सोनानी उम्र 32 एवं ईश्वर सोनानी उम्र 24 दोनों भाईयों ने विक्की कश्यप निवासी किरन्दुल को पुरानी विवाद को लेकर जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर फरार हो गए थे। थाना बचेली पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के दिशा-निर्देशानुसार में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, पूजा कुमार, रामकुमार बर्मन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कपिल चंद्रा किरन्दुल के मार्गदर्शन में प्रकरण के आरोपियों का शीघ्र गिरफ्तार करने निर्देश प्राप्त होने पर तत्काल टीम गठित कर आरोपियों के पतासाजी के लिए लगातार जिला बीजापुर व शरहदी



जिलो में दबिश देकर तलाश किया गया। 10 मार्च को मुखबीर की सूचना पर दोनों अपराधी पुराना मार्केट बचेली में घूम रहे थे। घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा गया। उनसे घटना में प्रयुक्त 2 नग लोहे की चाकू एवं एक मोटर सायकल बरामद किया गया है। आरोपी सातिर अपराधी है। दोनों आरोपियो को न्यायालय में पेश कर जेल दाखिल किया गया। इन्हें पकड़ने में निरीक्षक मधुनाथ ध्रुव थाना प्रभारी बचेली, रूपेश नारंग, प्रहलाद निर्मल, अनिल भोई, अजीत पैकरा, सहदेव वेक, डमरूधर कश्यप, हीरा रात्रे शामिल रहे।

### शपथ पत्र

मैं सिद्ध नारायण तिवारी पिता बाल गोविन्द तिवारी निवासी एल.आई.जी.-269 हाउसिंग बोर्ड कालोनी ग्राम पंडरीपानी तहसील जगदलपुर जिला बस्तर, छ.ग. पिन-494001 आधार नंबर 2646 1154 3141 निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करता हूं कि -

1. यह में उपरोक्त पते का निवासी हूं ।
2. यह कि मेरे नाम पर एक वाहन चालक का लाईसेंस है जिसका लाईसेंस नंबर सी.जी.-17-19930001106 जिसकी वैधता 21.06.2024 है जिस पर मेरा नाम एस.एन. तिवारी तथा पिता जी का नाम बी.जी. तिवारी नाम दर्ज है जो कि अपूर्ण है मेरा पूरा नाम सिद्ध नारायण तिवारी पिता बाल गोविन्द तिवारी है तथा पता एल.आई.जी.-269 हाउसिंग बोर्ड कालोनी पंडरीपानी तहसील जगदलपुर जिला बस्तर, छ.ग. है ।
3. यह कि मैं अपने उपरोक्त त्रुटि को सुधार करवाकर अपने वाहन का लाईसेंस पर सुधार करवाना चाहता हूं एवं अपने आधार पर दर्ज नाम पिता जी का नाम एवं पता को अपने लाईसेंस पर सुधार करने बाबत यह शपथ पत्र प्रस्तुत करता हूं ।

शपथकर्ता

### न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग.

रा.प्र.क्र./ 64/ब-121/2024-25

// उद्घोषणा //

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ईश्वर मरकाम पिता धनसाय मरकाम जाति भतरा ग्राम सतोषा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने माता स्व. रैबारी मरकाम निवासी ग्राम संतोषा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग. का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के माता स्व. रैबारी मरकाम पति धनसाय मरकाम ग्राम सतोषा का दिनांक 14/07/2018 को मृत्यु हुई है। आवेदक ईश्वर मरकाम पिता धनसाय मरकाम जाति भतरा ग्राम सतोषा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के माता स्व. रैबारी मरकाम मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 28/03/2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 03/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर

कोण्डागांव सुपर मार्केट विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 94791-66051

शौकीन हाउस, मेन रोड कोण्डागांव मो.- 9977719190, 7000708887
(इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर्स)
BLUE STAR Whirlpool SAMSUNG SONY Symphony
शौकीन इण्डिया मो.- 94242 96333, 7000708887
हमोर यहाँ सभी कम्पनियों के लेपटॉप, कम्प्यूटर, सीसीटीवी कैमरा, DSLR कैमरा एवं अन्य समान उपलब्ध है।

HEALTH TOWN
श्री अनंत हॉस्पिटल
बांधा तालाब के सामने, बांधापारा, कोण्डागांव
07786450046, 9111551414
नेत्र रोग
● आधुनिक कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जांच ● बिना इंजेक्शन, बिना टांके, आधुनिक मोतियाबिंद शल्यक्रिया ● लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा ● चश्मा ● नासूर की शल्यक्रिया
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर। ● ऑपरेशन द्वारा ईलाज ● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना ● दांतो की नसों का इलाज ● दांतों की सफाई व चमकाना ● दंत प्रत्यारोपण ● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
ISO 9001 CERTIFIED
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

ACE COMBINE HARVESTER
विशेषताएं
◆ कृषि विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त
◆ 100 प्रतिशत स्वदेशी (भारत में बना हुआ)
◆ लो मेंटेनेंस : कम लागत में ज्यादा काम
धान, मक्का, सोयाबीन, गेंहू, मूंग आदि की कटाई-मिंजाई के लिए।
100% Swadeshi
अग्रिम बुकिंग प्रारंभ
अधिकृत विक्रेता - मे. सांई ट्रेक्टर्स सेल्स स्पेयर्स सर्विस
महालक्ष्मी एन्क्लेव के सामने, सिहावा रोड, धमतरी (छ.ग.)
मो. : 7000292192, 9425209243, 9424209243
शाखा : धमतरी रोड, नगरी, जिला-धमतरी
ब्रांच आफिस : जामकोट पारा, मेन रोड, कोण्डागांव

**खबर संक्षेप**

## देवांगन समाज में मना अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**जगदलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर परमेश्वरी भवन देवांगन समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं का सम्मान किया। कार्यक्रम की शुरूआत मां परमेश्वरी के पुजन के पश्चात की गई। अध्यक्षता राजेन्द्र देवांगन ने सभी महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए स्वागत उद्बोधन में कहा कि आज महिलाएं अपनी उर्जा, संघर्ष और हौसले से समाज के नव निर्माण में बढ़ चड़कर भाग लेती हैं तथा हर महिला पुरूषों के समकक्ष है। देवांगन समाज के महिलाओं को श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

## महिला दिवस पर हुए खेलकूद स्पर्धा



**जगदलपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में मेडिकल कॉलेज डिमरापाल के चतुर्थ स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के द्वारा खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया। उद्घाटन अस्पताल अधीक्षक डॉ. अनुरूप साहू, डॉ. खिलेश्वर सिंह, प्रशासनिक अधिकारी विजय देवांगन किया। इसमें सहायक नसिंर्ग अधीक्षक नीला, आशिमा, पार्वती मिंज, प्रीति डेविड ने महिला कर्मचारी वर्ग ने कुर्सी दौड़, रस्साकसी 200 मीटर दौड़, पुरुष वर्ग कोरोना वारियर, हेल्थ वारियर कर्मचारियों के लिए क्रिकेट प्रतियोगिता किया गया। चतुर्थ वर्ग स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष गुजराल शार्दूल, मेकाज अध्यक्ष निर्मला ठाकुर, जिला मीडिया प्रभारी भीखम लाल साहू, संभाग सचिव नीरज कश्यप, किशोर साहू, प्रवीण खूंटे, देवनारायण साहू, सरिता कश्यप सहित चतुर्थ स्वास्थ्य कर्मचारी शामिल रहे।

## ठेला वाले ने भारत के जीतने पर कम दाम में कराया नाश्ता



**जगदलपुर।** रविवार को भारत और न्यूजीलैण्ड के बीच चैंपियन्स ट्राॾी का फायनल मैच खेला गया मैच जब रोमांचक स्थिति में था तब शहर के कुम्हारपारा स्थित मुकुल देव छोले भटूरे ठेले वाले ने भारत के जीतने पर सोमवार की सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक कम दाम पर नाश्ता खिलाने का ऑफर दिया जिसमें 40 रूपये का छोले भटूरे 25 में और 30 रूपये का पोहा 20 रूपये में देने की बात कहीं। भारत ने मैच जीता और सुबह से ही सस्ता नाश्ता खाने के लिये लोगों की भीड़ क्रिकेट प्रेमी ठेले वाले की दुकान में जुट गई। वह भी मस्ती भरे अंदाज में लोगों को कम दाम पर नाश्ता करवाकर अच्छीखासी कमाई कर ली। लोग भी रकम बचाने की खुशी में नजर आये।

### कंपनी के उच्चअधिकारी ने जिड़पल्ली के विद्युतीकरण का किया निरीक्षण

# विद्युतीकरण नहीं होने से टेंडर निरस्त की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नियद नेल्लानार योजना में बीजापुर जिले के ग्राम जिड़पल्ली के विद्युतीकरण कृष्णा इंटर प्राइजेस दुर्ग ने कार्यादेश होने के दो वर्ष तक नहीं होने के चलते विद्युत कंपनी ने टेंडर निरस्त और फर्म को काली सूची करने की तैयारी की जा रही है। हाल ही में कंपनी के उच्चअधिकारी ने पहुंचकर कार्यां का निरीक्षण किया, जिसमें नाराजगी व्यक्त की।



प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला बीजापुर के अंतर्गत नियद नेल्लानार योजना, मुख्यमंत्री मजराटोला विद्युतीकरण योजना में शामिल ग्रामों में चल रहे विद्युतीकरण कार्य का निरीक्षण हाल ही में किया गया। निरीक्षण में पाया कि जिला बीजापुर अंतर्गत ग्राम जिड़पल्ली के विद्युतीकरण करने के लिए 21 फरवरी 2023 को कायार्देश जारी हुआ है एवं कार्य का स्थल हस्तांतरण कंपनी के नियमों अनुसार समय पर कर दिया गया है। कार्यदेश के अनुसार स्थल हस्तांतरण पश्चात 45 दिवस के अंदर कार्यपूर्ण किया जाना था, पर गांव में विद्युतीकरण कार्य दो वर्ष से अधिक समय व्यतीत होने के पश्चात भी पूर्ण नहीं किया गया है। ग्राम जिड़पल्ली का विद्युतीकरण कार्य शासन की एक महत्वांकाक्षी योजना नियद नेल्लानार योजना में शामिल है। इस योजना के तहत बस्तर के आदिवासी क्षेत्रों में मुलभुत बुनियादी सुविधाएं प्रदान करना है। इसके क्रियान्वयन की समीक्षा मुख्य सचिव शासन रायपुर द्वारा समय-समय पर की जाती है। ग्राम जिड़पल्ली का विद्युतीकरण कार्य पूर्ण नही होने से शासन के द्वारा नाराजगी व्यक्त किया गया है। ग्राम जिडपल्ली का विद्युतीकरण कार्य 7 दिवस के अंदर समय सीमा में कार्यपूर्ण नहीं किया जाता है तो कार्यादेश के नियमानुसार जारी कार्य के अनुबंध निरस्त करते हुए संबंधित समस्त सुरक्षानिधी, एफडीआर, परफॉरमेन्स बैक गारंटी को राजसात किए जाने की कार्यवाही किया जाएगा।

### फर्म के चलते कंपनी की छवि हुई धुमिल

कंपनी के अधिकारी ने बताया कि ग्राम जिड़पल्ली के विद्युतीकरण कार्य 2 वर्ष से अधिक समय व्यतीत होने के उपरांत भी कार्य लंबित रखे जाने से बाद भी कार्य में फर्म ने कोई रूचि नहीं ली जा रही है। ग्राम जिड़पल्ली का विद्युतीकरण कार्य पूर्ण नहीं होने के परिणामस्वरूप नियद नेल्लानार योजना में शामिल आस-पास के अन्य ग्राम जो ग्राम जिड़पल्ली के विद्युतीकरण होने के उपरांत ही विद्युतीकृत किया जाना संभव है। उन ग्रामों का विद्युतीकरण कार्य भी प्रभावित हो रहा है, जिसके कारण विद्युत वितरण कंपनी की छवि धुमिल हुई है।

### कृष्णा इंटर प्राइजेस होगी काली सूची

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने कहा कि ऐसे फर्म मेसर्स कृष्णा इंटर प्राइजेस दुर्ग को कार्य से वंचित रखते हुए काली सूची में रखने की अनुशंसा की जाएगी एवं विद्युत कंपनी के किसी भी स्तर पर जारी होने वाले टेंडर प्रकिया में समाहित होने पर रोक लगा दी जाएगी।

## फरसागुड़ा में दादा का पुण्य स्मरण करने संभाग भर से पहुंचे लोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बलीराम कश्यप की स्मृति में फरसागुड़ा (भानपुरी) में 2 दिवसीय श्री हरि कथा संकीर्तन का आयोजन किया गया जिसका समापन आज शाम को 5 बजे किया गया। कश्यप परिवार द्वारा आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में पूरे संभाग से लोग पहुंचे। रामायण मंडली और सत्संग समिति द्वारा जीवंत प्रस्तुति का भी लोगों ने आनंद लिया। जगदलपुर सहित फरसागुड़ा में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में भाजपा के दिग्गज नेता भी पहुंचे और दादा को श्रद्धांजलि अर्पित किया।



## गढ़िया से पहुंचकर सरपंच ने दादा को अर्पित किए पुष्प

**जगदलपुर।** बस्तर के पूर्व सांसद ब्रम्हलीन स्व.बलीराम कश्यप के पुण्यतिथि में शामिल होकर भाजपा नेता तथा गढ़िया के सरपंच भरत कश्यप ने उनके छायाचित्र पर पुष्पअर्पित कर नमन किया।

## कांग्रेसियों ने जलाया ईडी का पुतला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

संभाग मुख्यालय जगदलपुर में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव भूपेश बघेल के भिलाई स्थित निवास सहित विभिन्न स्थानों पर की गई छापेमारी की कार्यवाही के विरोध में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर द्वारा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) व केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार का पुतला दहन किया गया। इस मौके पर कांग्रेसियों ने नारेबाजी करते प्रदेश और केन्द्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए।

## बली दादा के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर लोगों ने किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पूर्व मंत्री भाजपा के कद्दावर नेता रहे बलीराम कश्यप के जन्मतिथि पर संगोष्ठी का दो दिवसीय हरि कथा संकीर्तन का आज समापन हुआ।



आज शहर के पावर हाउस चौक के पास स्थित बलीराम कश्यप के प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, महापौर संजय पाण्डे, निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, पूर्व महापौर सफिरा साहू सहित पार्षदगण, पूर्व पार्षद, पार्टी के कार्यकर्ता इसमें सम्मिलित हुए। बलीराम कश्यप के छाया चित्र पर दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। सभी ने एक एक कर उनके छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। संगोष्ठी में लोगों ने पूर्व सांसद बलीराम कश्यप के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में त्रिवेणी रंधारी, सुधा मिश्रा, रंजिता पाणिग्रही, उमा मिश्रा, प्रमिला कपूर, रोशन सिसोदिया, योगेंद्र पांडे, श्रीनिवास मिश्रा, शक्ति सिंह चौहान, आनंद मोहन मिश्रा, रजनीश पाणिग्रही, मनीष पारख, कौशिक शुक्ला, रंजीत पांडे, योगेंद्र कौशिक, लक्षण झा, पंकज आचार्य, शशि नाथ पाठक, गोविंद ईनाणी, प्रकाश झा, राकेश तिवारी, अनिल लुक्कड़, रोशन झा, संजय उपाध्याय, अमर झा, अतुल सिम्हा, परेश ताटी, सूरज श्रीवास्तव, अमर यदु, मनोज ठाकुर,ममता राणा, गीता नाग, किरण सेन, रानी चेरपा, बिजली, अनीता श्रीवास्तव, लक्ष्मी कश्यप सहित समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को बालिका जन्मोत्सव की थीम पर मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस और मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन बालिका जन्मोत्सव दिवस के रूप में सभी परियोजना मुख्यालय में किया गया ।इस अवसर पर बालिका के साथ आए पूरे परिवार की सेल्फी जोन में तस्वीर लेकर उन्हें सम्मानित करते हुए तत्काल उन्हें लिए गए फोटो की रंगीन तस्वीर उपलब्ध कराई गई। उक्त कार्यक्रम बेटी जन्म को प्रोत्साहित करने और बेटियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण पैदा करने की भावना के साथ मनाया गया कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि




गण उपस्थित रहे। जिला मुख्यालय के टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में सांसद महेश कश्यप एवं विधायक किरण देव की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ उक्त कार्यक्रम में कानूनी अधिकारों की जानकारी महिलाओं के स्वास्थ्य पोषण एवं बीमारियों तथा उसके उपचार एवं रोकथाम के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। महतारी वंदन का लाभ प्राप्त करने वाली महिलाओं को सम्मानित करते हुए उनके अनुभव को साझा किया गया। स्व सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने और विकास के लिए तत्पर रहने का आव्हान किया। उनके द्वारा मेरी बेटी मेरा अभिमान बेटी जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच पैदा करने के लिए संदेश दिया गया। उन्होंने सभी महिलाओं को जनधन खाता खोलने एवं शासन की सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

सांसद द्वारा उपस्थित सभी महिलाओं के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उन्हें उत्तरोत्तर प्रगति करने के लिए प्रेरित किया उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा यह प्रधानमंत्री महिलाओं के संपूर्ण विकास की नींव रखने लिए प्रतिबद्ध हैं और शासन इसके लिए हर संभव प्रयास कर रही है। सभी स्थानों पर पोषण स्वास्थ्य शिक्षा पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया बास्तानार में 30 तोकापाल में 28 बस्तर में 521 लोहंडीगुड़ा में 517 जगदलपुर ग्रामीण में 531 जगदलपुर शहरी में 525 दरभा में 524 बकावंड एक में 672बकावंड दो में 506 बालिकाओं को उनके परिवार के साथ फोटो लेकर उन्हें सम्मानित किया गया और स्थल पर ही ली गई फोटो की रंगीन प्रति उपलब्ध कराई गई।

## छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के प्लान आफ एक्शन के अनुसार अंतराष्ट्रीय

- महिला पालिटेक्निक में विधिक साक्षरता शिविर



महिला दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश मनीष कुमार ठाकुर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव और व्यवहार न्यायाधीश कु.अंकिता कश्यप द्वारा शहर के शासकीय धरमु माहरा महिला पालिटेक्निक में विधिक साक्षरता विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज के छात्राओं द्वारा महिला दिवस पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रसारित किया गया। शिविर में प्राधिकरण के सचिव, व्यवहार न्यायाधीश द्वारा महिला सशक्तिकरण, महिलाओं के अधिकार एवं कर्तव्य, महिलाओं के कानूनी अधिकार, महिलाओं के कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के साथ भारतीय न्याय संहिता, महिलाओं से संबंधित अपराधों के बारे जानकारी प्रदान करते हुए विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं की जानकारी दिया गया। इसके साथ ही छात्राओं को स्वयं पर विश्वास कर उनके सपनों को पूरा करने हेतु कड़ी मेहनत करने एवं स्वयं की रक्षा हेतु आत्मरक्षा का प्रयास करने हेतु प्रेरित किया गया।

इसमें पॉलिटेक्निक के प्राचार्य संजय कुमार त्रिवेदी, व्याख्याता श्रीमती सुषमा देवांगन, डॉ. नमीता अग्रवाल, जितेन्द्र कुमार ठाकुर, पॉलिटेक्निक के अध्यापक, कर्मचारी, छात्राऐं एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी सहित पैरालीगल वालिंटियर्स उपस्थित थे।

## सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा सूने

- सीसीटीवी की मदद से आरोपी तक पहुंची पुलिस, भेजा गया जेल

मकान से लगभग 20 हजार रूपए कीमत का एलईडी टीवी चोरी किया गया था। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजा गया।

मामला बोधघाट थाना क्षेत्र के धरमपुरा का है मामले में आरोपी ईश्वर कश्यप उम्र 18 वर्ष 2 माह निवासी दंतेश्वरी वार्ड को गिरफ्तार किया गया। मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए प्रार्थिया नीता दास ने बताया कि धरमपुरा विशाल मेगा मार्ट के पास उसकी मां का मकान है उसकी मां करीब एक वर्ष से अपने मकान मे ताला लगाकर गरियाबंद में निवास कर रही है जिसे बीच बीच में जाकर वह देख रेख करती है। घटना दिनांक को जब वह घर गई तो मकान का ताला टुटा हुआ था अंदर जाकर देखने पर दीवाल में लगा हुआ एलईडी टीवी कीमत 20 हजार रुपए को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। प्राथीर्या की रिपोर्ट थाना बोधघाट में मामला दर्ज कर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी आकाश श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा का अवलोकन कर संदेह के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया टीवी बरामद कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड में भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एएसआई दिनेश उसेंडी, प्रधान आरक्षक नितेश मेश्राम व आरक्षक होरी लाल आर्मो की अहम भूमिका रही।

## महिलाओं ने लिया जल संरक्षण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले के विकासखण्ड दरभा अंतर्गत अंदरूनी ईलाके की ग्रामीण महिलाओं ने एक नई सोच के साथ जल संरक्षण का संकल्प लिया। जिसके तहत दरभा ब्लॉक के ग्राम पखनार में आसपास के ग्राम गुमड़पाल, मामड़पाल, चन्द्रगिरी, तीरथगढ़ एवं दरभा की महिलाओं ने एक जगह एकत्रित होकर अपने गांवों में पानी बचाओ की मुहिम शुरू करने के लिए विचार-विमर्श कर इस दिशा में सकारात्मक प्रयास करने का बीड़ा उठाया है। इन सभी महिलाओं ने गर्मियों में जो जल स्त्रोत सूख जाते हैं उन्हे बचाने के लिए हैंडपंप और सोलर ड्यूल पंप सहित नल-जल



योजना के समीप सोख्ता गड्ढा बनाने के साथ ही जरूरत के अनुरूप ही पानी का उपयोग करने तथा घर में भी सोख्ता गड्ढा बनाने का निर्णय किया। वहीं घरेलू उपयोग के बाद गन्दे पानी का सदुपयोग किचन गार्डन में किए जाने का संकल्प जताया। इस दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के मैदानी अमले द्वारा ग्रामीण महिलाओं को जल संरक्षण और जल संवर्धन के विभिन्न तरीकों तथा स्थानीय स्तर पर छोटे संरचनाओं के बारे में अवगत कराया।

## गंगाजल भगवान विष्णु का चरणामृत, सम्मान दें : कृष्णा महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मां दंतेश्वरी मंदिर में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के सातवें दिन राधारानी, तुलसी माता की महिमा तथा शंखचूर्ण दैत्य की कथा का श्रवण भक्तों ने किया। महाराज ने बताया कि गंगा

- पंक्ति में बैठे व्यक्ति से भेदभाव करना पूरी तरह से गलत





तीनो लोक में है। स्वर्ग में इसे मंदाकिनी, पृथ्वी में अलकनंदा और पाताल लोक में भोगवती कहा जाता है। गंगाजी तीनों लोकों में पूजनीय हैं।

राधारानी की कथा बांचते हुए बताया कि गो लोक में राधारानी भगवान को बहुत प्रेम करती थीं, अगर कोई भगवान को निहारता तो किसी को भी श्राप दे देती थीं। एक बार श्रीदामा नामक गोपी ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, तो राधारानी क्रुद्ध हो गईं और सुदामा को ही राक्षस होने का श्राप दे दिया। इस बात से नाराज सुदामा ने भी राधारानी को श्राप दिया कि जिस भगवान के कारण आप बात - बात में लोगों को श्राप देती हैं। उससे 100 साल तक दूर रहकर वियोग सहोगी। इस श्राप के चलते ही वह धरती में वृषभान के घर जन्मी और श्रीकृष्ण वियोग सहती रही।

### समानता का व्यवहार जरूरी

भगवान सब जानते हैं तो राहू - केतु को अमृत कैसे मिल गया? इस प्रश्न के प्रत्युत्तर में आचार्य ने बताया कि जब कोई व्यक्ति पंक्ति में बैठ जाता है तो उसे समानता का अधिकार मिल जाता है। ऐसे में किसी व्यक्ति को पंक्ति से उठाना नैतिकता के खिलाफ है। सब जानते हुए भी भगवान विष्णु ने सामाजिक समरसता का उदाहरण प्रस्तुत करने पंक्ति में बैठे राहु - केतु को पहले अमृत पिलाया किंतु उन्हें छल पूर्वक अमृतपान करने के कारण उन्हें सजा भी दी।

